# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (भारतीय खनि विद्यापीठ), धनबाद
# Indian Institute of Technology (Indian School of Mines), Dhanbad

*For Immediate Release: August 5, 2024*

## PRESS-RELEASE

### !! दो दिवसीय हस्तशिल्प कौशल सम्मान प्रतियोगिता 2.0 प्रेस विज्ञप्ति !!

आज दिनांक 29.07.2024 को **अटल समुदाय नवाचार केन्द्र भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान ( भारतीय खनि विद्यापीठ ) फाउन्डेशन** संस्था द्वारा दो दिवसीय हस्तशिल्प कौशल सम्मान प्रतियोगिता के प्रेस विज्ञप्ति में आप सभी मिडिया बंधुओं का स्वागत है । प्रतियोगिता का शुभारंभ दिनांक 30 जुलाई 2024 को किया जा रहा है जिसका समापन 31 जुलाई 2024 को होगा । इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा एंव भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान ( भारतीय खनि विद्यापीठ ) के निदेशक प्रो0 डा0 सुकुमार मिश्रा जी होंगे साथ में संस्थान के उप–निदेशक प्रो0 डा0 धीरज कुमार रहेंगे ।

**प्रतियोगिता में कला एंव हस्तशिल्प के विषय वस्तु निम्नवत है –**

1 बांस हस्तशिल्प , कुश घास एंव जलकुंभी हस्तशिल्प ।

2 लाह एंव डोकरा कलाकारी द्वारा निर्मित हस्तशिल्प वस्तुएं ।

3 सिलाई , कढ़ाई , बुनाई एंव जूट से बनने वाले हस्तशिल्प वस्तुएं ।

4 कागज ,कूट एंव चित्रकारी से संबंधित हस्तशिल्प ।

5 दैनिक जीवन में अनुपयोगी वस्तुओं तथा अन्य ठोस बेकार पड़े वस्तुओं से कलाकृति निर्माण हस्तशिल्प ।

**प्रतियोगिता का उद्देश्य –**

- **झारखंड एंव इसके आस पास के राज्यों के हस्तशिल्प कलाकारों को एक उचित मंच देना जहां वे अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर सके एंव हस्तशिल्प कला के क्षेत्र में झारखंड का नाम रौशन कर सके ।**
- **झारखंड की अदिम कलाओं में से एक डोकरा एंव जादुपटिया कला जो लगभग विलुप्तता के कगार पे खड़ी है इस कला का प्रदर्शन के माध्यम से आने वाली पीढ़ीयों के लिये सम्मान पुर्वक संवर्धन करना ।**
- **स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करना एंव कला के क्षेत्र में इनकी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना ।**

**पुरस्कार सम्मान ( प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण प्रत्येक कला क्षेत्र मे प्रतिभागियों का प्रथम , द्वितीय एंव तृतीय स्थान प्राप्त करने के आधार पर कोटीवार अलग–अलग पुरस्कार प्रदान किया जायेगा ) –**

**प्रथम पुरस्कार सम्मान – राशी 10000.00 रूपये मात्र** (निर्धारित पांच कला क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागीयों को) ।

**द्वितीय पुरस्कार सम्मान – राशी 7000.00 रूपये मात्र** (निर्धारित पांच कला क्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागीयों को) ।

**तृतीय पुरस्कार सम्मान – राशी 5000.00 रूपये मात्र** (निर्धारित पांच कला क्षेत्र में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागीयों को ।

**सांत्वना पुरस्कार सम्मान – राशी 2500.00 रूपये मात्र** (निर्धारित पांच कला क्षेत्र में किन्ही चार बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागीयों को ।

आज के इस प्रेस विज्ञप्ति में मुख्य रूप से भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान ( भारतीय खनि विद्यापीठ ) के उपनिदेशक प्रो0 डा0 धीरज कुमार , प्रो0 सोम्या सिहं , प्रो0 रजनी सिहं , अटल समुदाय नवाचार केन्द्र के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डा0 अकांक्षा सिन्हा एंव प्रबंधक केमेलिया चौधरी शामिल थी ।

Rajni Singh
***Dean (Corporate Communications)***